दिनांक–21.12.2025 समय–2.10पीएम

प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, भोपाल
दोपहर समाचार

प्रधानमंत्री–असम दौरा

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के असम दौरे का आज दूसरा दिन है, जहां उन्होंने डिब्रूगढ़ में अमोनिया–यूरिया उर्वरक परियोजना का भूमि–पूजन किया है। इस परियोजना का उद्देश्य किसानों के लिए खाद की उपलब्धता बढ़ाना और पूर्वोत्तर में औद्योगिक विकास को गति देना है।

इससे पहले प्रधानमंत्री ने गुवाहाटी के शहीद स्मारक पहुंचकर असम आंदोलन के शहीदों को श्रद्धांजलि दी, जबकि नामरूप में उनके आगमन को लेकर उत्साह का माहौल है और कार्यक्रमों के जरिए क्षेत्रीय विकास के प्रति केंद्र की प्रतिबद्धता दोहराई जा रही है।

'विकसित भारतः जी राम जी योजना'

केंद्रीय मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने आज मनरेगा को लेकर फैलाए जा रहे भ्रम पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा है कि 'विकसित भारतः जी राम जी योजना' मनरेगा का ही विस्तार है, न कि उसका विकल्प। उन्होंने कहा कि अब मजदूरों को 125 दिन के रोजगार की कानूनी गारंटी दी गई है। ...

श्री चौहान ने बताया कि इस योजना के लिए 1 लाख 51 हजार करोड़ रुपये से अधिक की राशि प्रस्तावित की गई है, जिससे गांवों में जल संरक्षण, आधारभूत ढांचा, आजीविका और आपदा प्रबंधन से जुड़े कार्य होंगे। उन्होंने इसे गरीब, मजदूर और गांवों के विकास के पक्ष में मजबूत कानून बताया।

"शून्य से शतक" कार्यक्रम–उपराष्ट्रपति

उपराष्ट्रपति सी.पी. राधाकृष्णन आज प्रदेश के एक दिवसीय दौरे पर हैं। वे आज इंदौर में पूर्व प्रधानमंत्री अटल बिहारी वाजपेयी की 100वीं जयंती के अवसर पर आयोजित "शून्य से शतक" कार्यक्रम में शामिल होंगे; यह आयोजन अटल जी के सार्वजनिक जीवन, विचारों और राष्ट्र निर्माण में योगदान को स्मरण करने के लिए किया जा रहा है, जिसमें राज्यपाल मंगुभाई पटेल और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव भी सहभागिता करेंगे, कार्यक्रम की शुरुआत बीएसएफ बैंड द्वारा वंदे मातरम् की भावपूर्ण प्रस्तुति से होगी। इसके बाद चार विशिष्ट व्यक्तित्वों को अटल अलंकरण से सम्मानित किया जाएगा।

मौसम

प्रदेश में कड़ाके की सर्दी के साथ घना कोहरा भी लोगों की परेशानी बढ़ा रहा है। भोपाल, इंदौर, उज्जैन, ग्वालियर और जबलपुर समेत प्रदेश के कई जिलों में कोहरे के कारण 20 से अधिक ट्रेनें 30 मिनट से 5 घंटे तक देरी से चल रही हैं, वहीं फ्लाइट सेवाएं भी प्रभावित हुई हैं। प्रदेश के अधिकांश शहरों में तापमान 10 डिग्री से नीचे पहुंच गया है। कोहरे और जेट स्ट्रीम के असर से ठंड का प्रकोप फिलहाल जारी रहने की संभावना है।

समाचार संक्षेप में –

- आगरमालवा जिला पुलिस लाइन में विश्व ध्यान दिवस के अवसर पर आयोजित तीन दिवसीय ध्यान सत्र में पुलिस अधिकारियों एवं कर्मचारियों को सूर्य नमस्कार, प्राणायाम, मेडिटेशन एवं अन्य श्वास–आधारित योग क्रियाओं का अभ्यास कराया गया।
- शिवपुरी में अनुभूति कार्यक्रम के तहत कल शासकीय स्कूल, मोहनगढ़ और सीएम राइज स्कूल के कुल 135 छात्र–छात्राओं को माधव टाइगर रिजर्व और सेलिंग क्लब घुमाया गया।
- प्रदेश में खेलो एमपी 2025 के तहत ब्लॉक स्तरीय प्रतियोगिताएं– 10 से 15 जनवरी तक, जिला स्तरीय प्रतियोगिताएं–16 से 20 जनवरी तक, संभाग स्तरीय प्रतियोगिताएं– 21 से 25 जनवरी तक और राज्य स्तरीय प्रतियोगिताएं– 28 से 31 जनवरी 2026 तक आयोजित होंगी।
- जबलपुर जिले के ग्रामीण क्षेत्र में स्वच्छ भारत मिशन के तहत 13 क्लस्टरों के 401 गांवों से प्रारंभ किये गये नवाचार "वॉश ऑन व्हील्स" का विस्तार होने जा रहा है। इस सेवा को 13 से बढ़ाकर 47 क्लस्टरों में लागू किया जाएगा।

––––––––––––––––